

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 35 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 04 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4




पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## ब्र हलीन शंकराचार्य जी ने कहा था सिवनी काशी के समान है - अविमुक्तेश्वरानंद





सिवनी यशोः- समय कितना कीमती है इसका आभास उस समय होता है जब उसके बीतने की समय अवधि नजदीक आने लगती है। यह हमारे गुरू की जन्मस्थली है जिसमें मैं शंकराचार्य बनने के बाद पहली बार आया हूं, इसे मैं नमन करता हूं। मेरा ध्येय था कि मैं सिवनी उस समय जाऊं जब गुरूजी की वार्षिक समाराधना हो जाये। सिवनी शिव की नगरी है और यही काशी है। यह बात ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने आज मठ मंदिर के प्रांगण में धर्मानुरागी श्रोताओं से कही है।



स्वामी जी ने कहा कि समय बहुत कीमती होता है। समय की कीमत का एहसास उस समय होता है जब वह बीतने लगता है और एक निर्धारित समय पर आ जाता है जिस पर हम बंधनकारी होते हैं। सिवनी का यह उनका पहला कार्यक्रम है। उन्होंने तय किया था कि दो पीठ के ब्र हलीन हुए शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी की जब वार्षिक समाराधना हो जाएगी तभी वे सिवनी जायेंगे। वार्षिक समाराधना हो चुकी है और चातुर्मास का सीमा उल्लंघन भी करना था ऐसे में हमारे गुरू भाई ब्र हचारी सुबुद्धानंद जी ने कहा कि सिवनी चलना है और शोभायात्रा का कार्यक्रम बना हुआ है। यह गुरू का आर्शीवाद ही है कि जो मैने सोचा था वह मेरे सामने आ गया।

आपने कहा कि सिवनी आने का महत्व मेरे लिए वैसा ही है जैसे रामभक्त को अयोध्या जाने से और कृष्ण भक्त को मथुरा जाने से होता है। सिवनी हम सब गुरू भाईयों के लिए काशी के समान है। आपने कहा कि वह मनुष्य धन्य हो जाता है जो चार व्यवहार करता है। काशी में रहना, अच्छे लोगो की सत्संग करना, गंगाजल पीना और शिवजी का पूजन करना। आपने बताया कि हमारे गुरू ने कहा था कि सिवनी काशी के समान ही है। यहां अच्छे लोगों का सत्संग होता है। मां बैनगंगा का जल गंगा जैसा ही है और मठ मंदिर में स्थापित शिवजी अद्वितीय है। आपने कहा कि जब एक हमने अपने गुरू से कहा कि यह काशी कैसे है तो उन्होंने पंचांग बुलवाया और बताया कि यह पंचाग कहां से प्रकाशित होता है। हमने बताया कि यह काशी का पंचाग है। आपने कहा कि काशी के पंचाग से जो हम व्यवहार करते हैं वही काशी है। अंधेरे को हराकर प्रकाश को ही काशी कहा जाता है।

## संत किसी पार्टी का नहीं वह सबका होता है - जगद्गुरू शंकराचार्य




सिवनी यशोः-अपनी स्पष्ट और आक्रमक शैली के शंकराचार्य होने का परिचय देते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि हमारे गुरू स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती जैसा ना हुआ है और ना होगा। उनके बारे में अर्नगल प्रलाप करने वाले वैसे ही है जैसे कोई आसमान की तरफ मुंह करकर थूकता है। गुरू ही शिव हैं और शिव ही गुरू हैं। आजादी के समय संघर्ष करने वाली पार्टी कांग्रेस ही थी और उससे जुड़ा होना उस समय गर्व का विषय माना जाता था, इसका यह मतलब नहीं है कि वह व्यक्ति कांग्रेसी हो गया।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि संत की विचारधार किसी एक पार्टी से सिमटकर नहीं रह जाती। वह सभी का है और जो लोग ब्र हलीन हुए स्वामी जी को कांग्रेसी कहता है उसकी विचारधारा संर्कीण है। आपने कहा कि यदि हमारे गुरू कांग्रेसी होते तो राममंदिर का जो भूमिपूजन 194 फुट दूर हो रहा था उसका विरोध नहीं करते, कांग्रेसियों के साथ बैठकर भूमिपूजन करते। आपने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब भी महाराजश्री ने रामसेतु का विरोध किया और उसे तोड़ने नहीं दिया जबकि इसको तोड़ने के पक्ष में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही सहमत थे। आपने कहा कि गंगा को राष्ट्रीय नदी आपके द्वारा ही दिलवाई गई। आपने कहा कि गुरू सर्वप्रकाशित होता है और उसके प्रकाश से शिष्य के जीवन में उजाला आता है। हमारे और आपके गुरू ऐसे ही सर्वप्रकाशित थे जिन्होंने अपने शिष्यों के जीवन में उजाला भर दिया। आपने कहा कि संत किसी पार्टी का नहीं होता वह सबका है। यदि गुरू का स्मरण कर लिया जाये तो दिव्य दृष्टि आ जाती है। आपने कहा कि जिसने उन्हें कांग्रेसी कहा उन्होंने अपनी बात को समय रहते ही सुधार लिया था। किसी व्यक्ति को यदि पश्चाताप हो जाए तो यह उसकी उतनी ही सजा पर्यात है।

हमारे गुरू स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे और उस समय स्वतंत्रता का झंडा लेकर चलने वाली एक ही पार्टी थी, वह कांग्रेस थी और उस समय कांग्रेस से जुड़ा होना गर्व और ईज्जत की बात कहलाती थी। ऐसे में यदि हमारे गुरू कांग्रेस से जुड़े तो या आपत्ति है। महाराजश्री ने स्वतंत्रता मिलने के बाद लगातार सनातन धर्म की सेवा की है और उसके लिए वे लगातार लगे रहे, कभी किसी मंच से उन्होंने किसी पार्टी का समर्थन य विरोध नहीं किया। जो विघ्नसंतोषी लोग थे वे कांग्रेसी कहकर उनका दुष्प्रचार करते थे।

## पूज्य शंकराचार्य जी की अगवानी में निकली भव्य रही शोभायात्रा



सिवनी यशोः- ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के नगर आगमन पर एक भव्य रैली छिंदवाड़ा चौक गणेश मंदिर से निकाली गई। छपारा बर्रा से आप सिवनी आने के बाद सर्वप्रथम संजय बघेल के निवास पहुंचे और वहां उनकी पादुका पूजन हुई उसके बाद शोभायात्रा छिंदवाड़ा चौक गणेश मंदिर से प्रारंभ हुई। आपने यहां गणेश जी का पूजन किया और फिर रथ में बैठकर रवाना हुए।

शोभायात्रा में महिलाएं कलश लिये हुए चल रहीं थीं। रथो में साधु संत विराजमान थे और इनके आगे-पीछे डीजे की धुन में लोग थिरक रहे थे और सैला नृत्य हो रहा था। शोभायात्रा नगर पालिका होते हुए सिंघानिया परिवार के सामने से दुर्गाचौक पहुंची और वहां से मठ मंदिर प्रांगण में पहुंच गई। यहां स्वामी जी ने भगवान भोलेनाथ का पूजन किया और फिर धर्मसभा स्थल पर पहुंच गये। यहां ब्र हचारी सुबुद्धानंद जी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वे फर्जी शंकराचार्यो से सावधान रहें, उनके गुरू ने यह मामला खूब उठाया था जिसके कारण आज फर्जी शंकराचार्यो की सं या कम है। आपने बताया कि उन्होंने गुरू की आज्ञा के आदेश पर ही ज्योतिष पीठ पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और द्वारका शारदापीठ पर स्वामी सदानंद सरस्वती का अभिषेक कराया है। आपने बताया कि उन्होंने गुरू की आज्ञा का पालन किया है और इसे सभी गुरूभक्तों को स्वीकारना चाहिए।



## युवा बुजुर्गो के अनुभव की बराबरी नहीं कर सकेंगे - कार्तिकेय

**वरिष्ठ शिक्षक बालचंद जैन का किया स मान**

सिवनी यशोः- मतदाता में वृद्धों की भागीदारी जरूरी है इस बात को ध्यान रखते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस शाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी योगेश पटेल ने कहा कि बच्चे कठपुतली के समान होते है उन्हें जिस साँचे में ढालो वह वैसा करते है हमारा दायित्व है भी हमे अपने बुजुर्गो से सीख लेना चाहिए कि वह निष्पक्ष मतदान कर देश के विकास में योगदान देते है।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रेमनारायण वारेश्वा ने कहा कि आज हम इस शाला में 25 वर्षो से अधिक समय तक सेवा देने वाले शिक्षक बालचंद जैन का स मान कर रहे है, निश्चित ही हम उनका स मान कर अपने आपको गौरावित कर रहे है । इस अवसर साबिर खान, राजेश्वरी धुर्वे, आशा नागदेवे स्वेल्हा खान फरजाना खान, कविता राय आदि ने स्वागत किया।



स्वागत गीत अंजुला भलावी तथा श्लोग्न तरूण रजक ने प्रस्तुत किया कु. सर्वेक्षणी भारद्वाज अन्पेण अनन्या के द्वारा मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वृद्ध स मान के तहत बालचंद जैन को श्रीफल शाल से स मानित किया गया। अभिलाष मिश्रा ने कहा कि जिस घर में बुजुर्गो का स्वस्थ्य जीवन ओर बुजुर्गो का आशीर्वाद होता है श्रीमति शिखा कार्तिकेय ने कहा कि बडे हमेंशा अनुभवी होते है हम चाहे जितना उंचे पद पर चले जाये लेकिन बुजुर्गो की बराबरी नही कर सकेगें। कार्यक्रम में पीडी नाग, सुनीता डहेरिया, रश्मि पांडे, पूजा पांडे, यदुराजउइके, राज किशोर दुबे, प्राची बघेल सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।


## जबरन नॉलेज




## विधायक दिनेश राय मुनमुन जगतगुरु शंकराचार्य जी की भव्य शोभायात्रा एवं धर्मसभा मे हुए शामिल

**आजीविका मेला मे किया सहभागिता**

सिवनी यशोः- मंगलवार 03 सितंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी जी की भव्य शोभायात्रा एवं धर्मसभा मे शामिल हुए। परमपूज्य अनंत श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज के शिव की नगरी सिवनी मे प्रथम आगमन अवसर पर दोपहर 02:00 से छिंदवाड़ा चौक से होते हुए मठ मंदिर तक निकाली गयी भव्य शोभायात्रा मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शामिल होकर श्रीगुरू चरणों मे नमन किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने धर्मसभा स्थल मठ मंदिर परिसर मे पादुका पूजन किया। तत्पश्चात धर्मसभा मे श्री राय ने महाराज श्री के मुखारविंद से प्रवाहित अमृत वचनों का रसपान किया। इस गरिमापूर्ण अवसर पर बडी सं या मे धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम के पूर्व मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने बारापत्थर स्थित स्मृति लान मे मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सिवनी द्वारा आयोजित आजीविका मेला कार्यक्रम मे अतिथि के रुप मे सहभागिता कर सांसद डा ढालसिंह बिसेन जी के साथ मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को आरंभ किया। तत्पश्चात विभागीय अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर आपका स्वागत किया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी सहित अतिथियों के करकमलों से पर्यावरण सखी स्कूटी प्रदाय योजना अंतर्गत संकुल स्तरीय संघों के पर्यावरण मित्रों को स्कूटी का वितरण किया गया। तदोपरांत कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने महिला स्व-सहायता समूहों की बहनों द्वारा बनाये गये उत्पादों देखा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, स्वसहायता समूह की बहनों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।





## गांजा तस्करी के आरोपी को 15 वर्ष की सजा, 1 लाख रूपये जुर्माना

सिवनी यशोः- दिनांक 22.08.2017 की रात्रि गस्त के दौरान करीब 1.30 बजे आरक्षक दीपक पवार ने देखा कि बटवानी चौराहा एन.एच. 07 में डेहरिया की चाय पान की दुकान के सामने एक बिना न बर की डस्टर कार साइड में खडे ट्रक में फसी हुई थी, डस्टर कार में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिसकी सूचना आरक्षक के द्वारा थाना लखनवाडा को दी गई , लखनवाडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुची और छानबीन की छानबीन के दौरान पुलिस ने देखी की डस्टर कार के अंदर छोटे बडे पैकेट काफी सं या में रखे थे जिनमें से गांजा जैसी गंध आ रही थी।
डस्टर वाहन को रोड से एक साइड कर यातायात को सुचारू रूप से चालू किया गया और रात अधिक होने से सुबह होने की रास्ता देखा गया, सुबह गवाहों की उपस्थिति में डस्टर कार से 149 नग पैकेट निकालकर उसमे रखे मादक पदार्थ गांजा को तौला गया, तौलने पर कुल 3 किवंटल 15 किलो 519 ग्राम गांजा होना पाया गया, डस्टर कार के अंदर से ही मनीष साहू पिता रामखिलावन साहू निवासी चरामा थाना चरामा जिला काकेंर के नाम के शिक्षा संबंधी दस्तावेज एस.बी.आई. की चैक बुक, इंकम टे स रिटर्न की कापी, तथा अन्य दस्तावेज भी मिले।

विवेचना के दौरान गाडी की चेचिस न बर के आधार पर आर.टी.ओ. से जानकारी पुलिस के द्वारा निकलवाई गई, डस्टर कार दीपक साहू पिता रामखिलावन साहू निवासी चरामा थाना चरामा जिला काकेंर के नाम पर दर्ज थी, जिनकी पतासाजी की गई। तेज तर्रार पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक देवकरण डेहरिया ने रायपुर जाकर दीपक और मनीष से पूछताछ की थी, पूछताछ में दोनो ने बताया कि दिनांक 21.08.2017 को वो लोग डस्टर कार से गांजा लेकर भोपाल जा रहे थे रात में डस्टर कार ट्रक से टकरा गई, हम लोग पकड में ना आये इसलिये मौके से भाग गये थे।

विवेचना के दौरान दोनो आरोपियों की फोन लोकेशन निकलवाने पर सिवनी में पाया गया था । सबूतों के आधार पर मनीष साहू एवं दीपक साहू के विरूद्ध अपराध क्रमांक 210/2017 धारा 8/ 20 एनडीपीएस ऐ ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय एन.डी.पी.एस. सिवनी में प्रस्तुत किया गया, शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमति उमा चौधरी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सिवनी ने सबूत और तर्क प्रस्तुत किया था, माननीय न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर आरोपी दीपक साहू को 15 वर्ष की कठोर कारावास एवं 1 लाख रूपये जुर्माना से दंडित किया तथा मनीष साहू को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया गया हैं।

## विशाल इनामी दंगल का हुआ आयोजन

छपारा यशोः- छपारा केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने छपारा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पायली खुर्द में आयोजित विशाल ईनामी दंगल प्रतियोगिता के आयोजन में स मिलित होकर उपस्थित पहलवानों का हौसला अफजाई किया। व विजेता पहलवानों को पुरुष्कृत कर विजेता एवं उपविजेता पहलवानों बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कर उपस्थित दर्शक बंधुओं को संबोधित किया ।

इस अवसर पर साथ ही छपारा ब्लॉक अध्यक्ष जयकेश सिंह पटेल,जिला कांग्रेस महामंत्री रमेश उइके ,छपारा मण्डल अध्यक्ष आनंद नारायण तिवारी ,से टर अध्यक्ष चंद्रशेखर ,श्रीवात्री जी,भगवत चन्द्रवंशी जी,आईटीसेल विधानसभा संयोजक आफाक खान ,सतीश सिंह ठाकुर,वरिष्ठ जन श्रीचंद्र अवधिया,नन्हे लाल पटेल जी,नंदकिशोर पटेल,रेशम पटेल,मोती पटेल,अमरसिंह पटेल ,खेलन पटेल,सरपंच दशरुलाल कुमरे,पूना पटेल,दीपेन्द्र सिंह ठाकुर जी,राजा राम पटेल ,ओम नाथ चंद्रवंशी,नरेश चन्द्रवंशी समेत हजारों की सं या में दंगल प्रेमी बंधुओं की उपस्थिति रही।



# मध्यप्रदेश को देश के प्रथम तीन शीर्ष राज्यों में लायेंगे - प्रधानमंत्री मोदी

*** ग्वालियर से प्रदेश को दीं 19 हजार करोड़ की सौगात**

*** प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है गरीब कल्याण पर विशेष ध्यान- मु यमंत्री चौहान**

भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता में मध्यप्रदेश नंबर एक है। मध्यप्रदेश को विकास के क्षेत्र में भी टॉप पर लाने की गारंटी से अवगत कराते हुए यह बताना जरूरी है कि मध्यप्रदेश इस समय देश के 10 टॉप राज्यों में शामिल है। इसे प्रथम तीन शीर्ष राज्यों में लाएंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज ग्वालियर के मेला ग्राउण्ड में जन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मध्यप्रदेश को 19 हजार करोड़ लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

मोदी ने कहा कि आधुनिक अधोसंरचना और अच्छी कानून व्यवस्था से प्रत्येक क्षेत्र में विकास आसान हो जाता है। किसान हों या कारोबारी या फिर साधारण नागरिक सभी फलते-फूलते हैं। एक समय था जब मध्यप्रदेश विशेषकर ग्वालियर-चंबल अंचल क्राइम और करप्शन का शिकार था। लेकिन अब यहां जीवन सुगम हो रहा है। समृद्धि का मार्ग आसान हुआ है। सामाजिक क्षेत्र में भी अन्याय और अत्याचार के स्थान पर विकास की ललक देखने को मिल रही है। सरकार ने सामाजिक न्याय के साथ लोगों की समस्याओं को हल करने और उनकी सुनवाई के माध्यम मजबूत बनाए हैं। आज के युवाओं ने दुरावस्था का वह समय नहीं देखा, प्रगतिशील मध्यप्रदेश ही देखा है। ग्वालियर अंचल में अनेक कार्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों को 19 हजार करोड़ की सौगातें मिली हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश को अनेक क्रांतिवीर देने वाले ग्वालियर अंचल की धरती एक प्रेरणा स्थल है। यहां राष्ट्र रक्षा के लिए देशभक्तों ने अपने को खपा दिया। इस धरती से करीब सवा दो लाख हितग्राहियों को दीवाली और धनतेरस के पहले ही गृह प्रवेश का सौभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर खुलेंगे। भारत विश्व में एक ताकत बन रहा है। शीघ्र ही भारत विश्व की तीन प्रथम अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।



**सपनों के अनुरूप मिल रहा मकान**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में लोगों का कल्याण सुनिश्चित किया है। करीब चार करोड़ लोगों को अपना घर मिला है। मध्यप्रदेश में भी लाखों लोगों को अपने मकान का सपना पूरा करने का अवसर मिला है। आवास निर्माण में महत्वपूर्ण बात यह है कि हितग्राही को अपने सपनों के अनुरूप मकान बनाने का अवसर मिला है। जैसे-जैसे मकान के निर्माण का कार्य पूर्ण होता जाता है, हितग्राही के खाते में राशि डालने का कार्य भी होता है। इन मकानों के साथ टॉयलेट सुविधा, बिजली और उज्जवला गैस कने शन एवं नल से जल का लाभ भी दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में घरों की रजिस्ट्री ज्यादातर महिलाओं के नाम हो रही है। उ मीद की जाना चाहिए कि इन घरों में आने के बाद सभी परिवार बच्चों को पढ़ाएंगे और उन्हें कौशल सिखाएंगे।

**नारी सशक्तिकरण**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का कार्य राष्ट्र निर्माण के रूप में एक समर्पित मिशन है। पूर्व में बहनों के लिए एक तिहाई आरक्षण की बात की गई, लेकिन इस बारे में कानून के निर्माण को रोक दिया गया। आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक सच्चाई है। विकास की गाथा में मातृ शक्ति की भागीदारी बढ़े, इस दिशा में आगे जाना है।

**किसी ने नहीं पूछा, उन्हें हम पूछते और पूजते हैं**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उस वर्ग को हम पूछते हैं और पूजते भी हैं। कुछ साल पहले तक दिव्यांगों को बेसहारा छोड़ दिया गया था। दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में सरकार ने महत्वपूर्ण कार्य किया है। सांकेतिक भाषा के माध्यम से दिव्यांग सुविधाएं प्राप्त करेंगे। अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर ग्वालियर में प्रारंभ होगा, जो ग्वालियर का नाम रोशन करेगा। यही नहीं आज ग्वालियर से सुमावली ब्राड गेज के कार्य का लोकार्पण, मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में 50 बिस्तर के क्रिटीकल हेल्थ केयर हेल्थ ब्लॉक शिलान्यास भी महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज ग्वालियर अंचल के साथ ही प्रदेशभर के कई स्थानों में नई योजनाओं का शिलान्यास और पूर्ण कार्यों का लोकार्पण हो रहा है। जहां उज्जैन में विक्रमपुरी औद्योगिक टॉउनशिप का लोकार्पण हुआ है, वहीं इंदौर के मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क का शिलान्यास भी हुआ है। दिल्ली-वड़ोदरा ऐ सप्रेस-वे के अंतर्गत 244 किलोमीटर लंबाई के मार्ग का लोकार्पण, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के मालनपुर बॉटलिंग प्लांट का लोकार्पण और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के रतलाम टर्मिनल पर अतिरिक्त सेवाओं का लोकार्पण महत्वपूर्ण है। सड़क परियोजनाओं में राघवगढ़-इंदौर-हरदा, बांकानेर घाट निर्माण, जीरापुर-पचोर, आष्टा बायपास और खिलचीपुर बायपास के कार्यों के लिए भूमिपूजन भी हुआ है। इसके साथ ही आई.आई.टी इंदौर के अकादमिक भवन के लोकार्पण के साथ हॉस्टल भवन एवं लैब कॉ प्लेओ स के शिलान्यास से विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्वालियर और श्योपुर जिलों की जल जीवन मिशन परियोजनाओं के भूमिपूजन को इस अंचल के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया।

**स्वास्थ्य क्षेत्र में नए कार्य**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रदेश के विदिशा मेडिकल कॉलेज सहित बैतूल, कटनी, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, दमोह, आगर-मालवा और शाजापुर में 50 बिस्तर क्षमता के क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक बनाने के लिए भूमिपूजन हुआ है। स्वास्थ्य क्षेत्र में नागरिकों को ज्यादा सुविधा मिलेगी।

**प्रधानमंत्री मोदी जनता के हृदय सम्राट हैं - मु यमंत्री चौहान**

मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जनता के हृदय सम्राट हैं और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। श्रीमान मोदी जी का मध्यप्रदेश की धरती पर अभिनंदन हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। आज मोदी जी गांधी जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। इसके साथ ही आज शास्त्री जयंती भी है और शास्त्री जी ने देश में अन्न की कमी के दौर में सप्ताह में एक दिन व्रत का आव्हान नागरिकों से किया था। आज देश के अन्न भंडार भरे हैं। मध्यप्रदेश 22 लाख टन गेहूँ के निर्यात करने वाला प्रदेश है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में एक स पन्न शक्तिशाली, वैभवशाली और गौरवशाली भारत का निर्माण हो रहा है। चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है। कोविड के समय भारत में 200 करोड़ डोज वै सीन लगाकर चमत्कार किया। जल जीवन मिशन सहित कई योजनाएं लोगों के लिए लागू हैं।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा?कि सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई के क्षेत्र में 20 वर्ष में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। प्रदेश के विकास को नई दिशा देने वाली 44 हजार करोड़ रूपए लागत की केन-बेतवा परियोजना मंजूर हुई है। प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण पर विशेष ध्यान दिया है। मध्यप्रदेश में आवास योजना में 35 लाख से अधिक मकान निर्मित किए गए हैं। प्रदेश में जरूरतमंदों को जमीन का पट्टा देकर मालिक बनाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में लाड़ली बहनों को घर से दूर पानी भरने नहीं जाना पड़े इसके लिए 65 लाख परिवारों तक नल से जल की सुविधा प्रदान की गई है। अगले डेढ़ साल में सभी घरों में यह सुविधा हो जाएगी। मध्यप्रदेश विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश अब बीमारू और पिछड़ा नहीं है।

**ग्वालियर से सुमावली के लिए मेमू ट्रेन को दिखाई हरी झण्डी**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर के मेला मैदान में आयोजित हुए कार्यक्रम से हरी झण्डी दिखाकर ग्वालियर से सुमावली के लिये मेमू ट्रेन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा हरी झण्डी दिखाते ही ग्वालियर रेलवे स्टेशन से सुमावली के लिये ट्रेन रवाना हुई। लगभग 48 किलोमीटर ल बे इस नए रेलमार्ग का निर्माण 411 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है। यह रेलमार्ग ग्वालियर से श्योपुर तक निर्माणाधीन ब्रॉडगेज रेलवे लाइन का एक हिस्सा है।

**प्रधानमंत्री मोदी को मु यमंत्री चौहान ने भेंट की तानसेन की लघुप्रतिमा और चितेरावली पेंटिंग**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का गालव ऋषि की तपोभूमि ग्वालियर की पवित्र धरा पर मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को संगीत सम्राट तानसेन की मूर्ति और ग्वालियर की सुप्रसिद्ध मराठा शैली की चितेरावली चित्रकला की सतरंगी पेंटिंग सौंपी। तानसेन की मूर्ति का निर्माण ग्वालियर के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार श्री दीपक वर्मा ने किया है। चितेरावली चित्रकला प्रमुखत- शुभ अवसरों पर लोगों द्वारा अपने घरों में उकेरी जाती है। इस कला का शुभारंभ सन् 1657 से माना जाता है और यह कला ग्वालियर के मोतीमहल में आज भी चित्रित है, जिसे सन् 1757 ईसवी में चित्रित किया गया था।

**खुले वाहन में सवार होकर जन समूह के बीच जन दर्शन करने पहुँचे प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा के साथ खुले वाहन पर सवार होकर संगीत एवं कला की ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर के मेला मैदान में प्रवेश किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा किए गए जन दर्शन के दौरान कार्यक्रम में भारी सं या में मौजूद जनसमूह ने करतल ध्वनि और नारे लगाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी सं या में मौजूद महिलाओं सहित स पूर्ण जन समूह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के स मान में लिखी हुई त ितयाँ लहराकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति अपना आभार जताया।

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, श्री वीरेन्द्र कुमार व श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य सरकार के मंत्रिगण सर्वश्री नरोत्तम मिश्र, गोपाल भार्गव, तुलसीराम सिलावट, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, राजेन्द्र शु ला, प्रभुराम चौधरी, महेन्द्र सिंह सिसोदिया, प्रद्यु न सिंह तोमर, अरविंद भदौरिया, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, भारत सिंह कुशवाह, सांसदगण श्री विवेक नारायण शेजवलकर, श्रीमती संध्या राय और श्री के.पी. सिंह यादव उपस्थित थे।

## दुर्लभ प्रजाति के कछुओं की बड़ी खेप बरामद 2 आरोपी गिर तार

भोपाल । क्षेत्रीय राजस्व आसूचना निदेशालय भोपाल, जोनल राजस्व आसूचना निदेशालय इंदौर एवं स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स भोपाल के द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए इटारसी रेलवे स्टेशन पर यशवंतपुर ऐ सप्रेस से वन्यप्राणी इंडियन टेंट टर्टल जो की कछुआ की एक दुर्लभ प्रजाति है, का अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिर तार किया गया है। दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं एवं लखनऊ से दुर्लभ प्रजाति के कछुआ को लेकर चेन्नई जा रहे थे। दोनों आरोपियों से भारी मात्रा में इंडियन टेंट टर्टल जप्त किए गए हैं। दुर्लभ प्रजाति के यह कछुए वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 के वन्यप्राणी हैं, जिनकी तस्करी एवं अवैध प्रतिबंधित है, जिनकी तस्करी करने वाले आरोपियों को अधिकतम 7 वर्ष तक के कारावास एवं न्यूनतम 25000/- रुपए दण्ड देने का प्रावधान है। आरोपियों को गिर तार कर माननीय विशेष न्यायालय नर्मदापुरम में पेश किया गया है, जहां से उन्हें फॉरेस्ट रिमांड पर ले कर प्रकरण में अग्रिम जांच की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या प्रकरण में संगठित गिरोह के संलिप्त होने के साक्ष्य मिले है। अग्रिम विवेचना जारी है।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह आयोजित




भोपाल । राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह 2023 में 2 अे टूबर को प्रातः 6.00 बजे से पक्षी अवलोकन एवं जैवविविधता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यूथ हॉस्टल एवं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के लगभग 82 पक्षी प्रेमियों ने पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों का दर्शन किये जिनमें प्रमुख है पाइड बुशचैट, मैगपाई रॉबिन, पर्पल हैरान, व्हाईट ब्रोड फैनटेल लाईकैचर, जैकोबिन कुक्कू, लेम बै ड वुडपैकर, लार्ज ग्रे बैबलर, ग्रे हैरान, ग्रीन बी ईटर, लॉफिंग डव, स्पॉटेड डव, ऐशी ड्रोंगो, लिटिल कार्मोरेंट, व्हाईट ब्रेस्टेड वॉटर हैन, नाईट हैरॉन, डार्टर, ग्रे हार्नबिल, कॉमन आयोरा, स्मॉल मिनिवेट, लेसर व्हाईट थ्रोट, व्हाईट थ्रोटेड किंगफिशर, ब्रॉन्जड विंड जकाना, कॉमन मूरहैन, लेसर विसलिंग डक और बया वीवर को देखकर प्रतिभागी उत्साहित हो उठे। स्रोत व्यक्ति के रूप में डॉ. सुरेन्द्र तिवारी, श्री ए.के. खरे, डॉ. सुदेश वाघमारे, डॉ. संगीता राजगीर एवं मो. खालिक एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालक वन विहार श्रीमती पदमप्रिया बालकृष्णन भी उपस्थित रहीं। संचालन सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के.सिन्हा ने किया।

प्रातः 07.00 बजे से कनिष्ठ वर्ग एवं खुला वर्ग हेतु ÷वन विहार÷ विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं सा ट कॉपी के रूप में अपने फोटोग्रा स कार्यालय में जमा किये। प्रातः 9.00 बजे से रंगोली प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग (कक्षा ट से टप्प्) के लिये ÷वन्यप्राणी÷ एवं खुला वर्ग के लिये ÷वन्यप्राणी एवं पारिस्थतिक तंत्र÷ विषय पर आयोजित की गई जिसमें कुल 88 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह 2023 में सामान्य वन मंडल भोपाल के सहयोग से प्रातः 07.00 बजे से 09.00 तक ÷रन फॉर वाईल्डलाईफ प्रोटे शन÷ दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ डॉ. अतुल श्रीवास्तव, प्रधान मु य वन संरक्षक एवं मु य वन्यप्राणी अभिरक्षक द्वारा झण्डी दिखाकर किया गया। वन संरक्षक भोपाल वृत्त श्री राजेश खरे, सहायक संचालक श्री एस.के.सिन्हा, उप वनमंडलाधिकारी वनमंडल भोपाल श्री आर.एस. भदौरिया एवं अधिकारी उपस्थित रहे। दौड़ में विद्यालय/ महाविद्यालय एवं पर्यावरण में रूचि रखने वाले पुरूष/ महिलाओं सहित लगभग 470 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

दौड़ वन विहार के गेट क्र.2 से प्रारंभ होकर भदभदा, डिपो चौराहा, स्मार्ट सिटी तिराहा, जनजातीय संग्रहालय, मानव संग्रहालय, बोट लब से होती हुई वन विहार के गेट क्र. 1 पर समाप्त हुई। ÷रन फॉर वाईल्डलाईफ प्रोटे शन÷ दौड में स मिलित समस्त प्रतिभागियों को टीशर्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। दौड़ में भाग लेने वाली 05 महिला विजयी प्रतिभागियों एवं 05 पुरूष विजयी प्रतिभागियों को वन्यप्राणी सप्ताह 2023 के समापन समारोह दिनांक 7 अे टूबर को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

## शैक्षणिक वातावरण युक्त नवाचार का केंद्र बनेगा प्रदेश - राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा

### जिज्ञासा, संवेदना एवं पहल की भावना - नवाचार के तीन स्तंभ -डॉ सोनम वांगचुक

**संस्कृत भवनम में हुआ मु यमंत्री नवाचार पुरुस्कार-2023 वितरण समारोह**

भोपाल । स्वाभाविक रूप से बच्चों के मन में कई तरह के नवाचार समावेशी प्रश्न और उनके समाधान उठते हैं। बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार को समझने की आवश्यकता है। बच्चों की रचनात्मकता, समाधानखोजी दृष्टिकोण, वैज्ञानिक सोच और कल्पना शक्ति को व्यवहारिक रूप देने की अवधारणा से मु यमंत्री नवाचार पुरुस्कार योजना का सृजन हुआ है। बच्चों को नवाचार के लिए अवसर और मंच प्रदान करने के लिए यह योजना बनाई गई है। इससे प्रदेश शैक्षणिक वातावरण युक्त नवाचार का केंद्र बनेगा। यह बात स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने आज महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल स्थित संस्कृत भवनम में मु यमंत्री नवाचार पुरुस्कार-2023 वितरण समारोह में कही। श्री परमार ने कहा कि स्वत्त्व के भाव को जागृत कर पर परागत हुनर को विज्ञान एवं तकनीक से जोड़कर रोजगारोन्मुखी नवाचार किया जा सकता है लेकिन



शिक्षा का सर्वोपरि उद्देश्य श्रेष्ठ नागरिक निर्माण हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों में व्यवहारिक रूप से प्रकृति और संस्कृति के माध्यम से सीखने की प्रवृत्ति विकसित की जायेगी। श्री परमार ने कहा कि नवाचारों के विचारों के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के सभी 53 ईएफए (सबको शिक्षा) स्कूलों में इने यूबेशन सेंटर बनाया जायेगा।

कार्यक्रम के मु य अतिथि लद्दाख से आए रैमन मैग्सेसे अवार्ड विजेता प्रसिद्ध नवाचारी अभियंता एवं शिक्षा सुधारक डॉ सोनम वांगचुक ने कहा कि नवाचार की तीन स्तंभ हैं-जिज्ञासा, संवेदना एवं पहल की भावना। इन तीन स्तंभों के बिना नवाचार की परिकल्पना संभव नहीं है।

राज्य मंत्री श्री परमार ने नवाचारी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर स मानित भी किया। मु यमंत्री नवाचार पुरुस्कार-2023 में ग्वालियर संभाग की अंजू यादव ने प्रथम स्थान, सागर संभाग की वर्षा साहू ने द्वितीय स्थान एवं रीवा संभाग के सागर ठाकुरिया ने तृतीय स्थान अर्जित किया। वहीं सागर संभाग की शालिनी आदर्श, उज्जैन संभाग के यशवंत राठौर, रीवा संभाग के पीयूष सेन, चंबल संभाग की दीक्षा राजावत, ग्वालियर संभाग के हरिओम कुशवाह, इंदौर संभाग के कीर्तन यादव, शहडोल संभाग गगन सिंह, भोपाल संभाग की मुस्कान, जबलपुर संभाग के कार्तिक पटले एवं नर्मदापुरम संभाग की राजेश्वरी गायकवाड़ सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मु यमंत्री नवाचार पुरस्कार योजना अंतर्गत कक्षा 5वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट नवाचारों के लिए प्रथम पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 31 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार स्वरूप 21 हजार रूपए एवं सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 11 हजार रूपए (प्रत्येक संभाग के लिए कुल दस पुरस्कार) दिए गए। इसके अतिरिक्त बच्चों के मेंटर (शिक्षक) को बच्चों के पुरस्कार की 20त्न राशि पुरस्कार स्वरूप अलग से दी गई।

इस अवसर पर लद्दाख से आई हिमालयीन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑल्टरनेटिव लर्निंग की फाउंडर सुश्री गीतांजलि जे अंगमो, संचालक लोक शिक्षण श्री डी एस कुशवाह, निदेशक राज्य मुक्त विद्यालय बोर्ड श्री प्रभात राज तिवारी, विभागीय अधिकारीगण एवं नवाचारी विद्यार्थी, उनके मेंटर एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## महाकाल महालोक के द्वितीय चरण का लोकार्पण दिव्य और भव्य हो - मु यमंत्री चौहान

### मु यमंत्री चौहान 4 से 6 अे टूबर तक प्रदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बुरहानपुर में 4 अे टूबर को लाड़ली बहना योजना की किश्त का अंतरण, विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। कुल 1597 करोड़ की राशि 1 करोड़ 31 लाख बहनों के खातों में अंतरित की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित होंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी जिलों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हो, जिसमें अधिकाधिक सं या में लोग जुड़ें। कार्यक्रम का स्वरूप भव्य हो। मु यमंत्री श्री चौहान 4 अे टूबर को बालाघाट में पुलिस का आउट ऑफ टर्न प्रमोशन अलंकरण समारोह में शामिल होकर पुलिस परिवारों से भेंट करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान मेडिकल कॉलेज एवं लॉ कॉलेज का भी भूमिपूजन करेंगे। बालाघाट से ही वर्चुअली रिमोट से प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन होगा। मु यमंत्री श्री चौहान ने मुरैना, भिण्ड, धार और मंडला जिले के मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम की जानकारी ली।



मु यमंत्री श्री चौहान 4 अे टूबर को ग्लोबल स्किल पार्क, भोपाल का लोकार्पण कर भ्रमण करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान संत शिरोमणि रविदासजी की मूर्ति का अनावरण भी करेंगे। प्रदेश के 4 नवीन ग्लोबल स्किल पार्क का शिलान्यास एवं 7 संभागीय आई.टी.आई. का लोकार्पण भी इसी कार्यक्रम से किया जायेगा। मु यमंत्री श्री चौहान ग्लोबल स्किल पार्क में प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ करेंगे। मु यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में हितग्राहियों को स्टाइपेण्ड वितरण का शुभारंभ, आईटी पॉलिसी का विमोचन करेंगे। साथ ही राष्ट्र की प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ एम.ओ.यू. भी होगा।

मु यमंत्री श्री चौहान 5 अे टूबर को उज्जैन में महाकाल महालोक के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने उज्जैन में महाकाल महालोक के द्वितीय चरण के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों से ली। मु यमंत्री श्री चौहान उज्जैन में नीलकंठ वन एवं महाकाल मंदिर अन्न क्षेत्र का लोकार्पण करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान श्री महाकाल मंदिर शिखर दर्शन में शामिल होंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित प्रमुख लोगों की भागीदारी अवश्य हो। कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित हो। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महाकाल महालोक के द्वितीय चरण का कार्य पूर्ण होने पर सारा उज्जैन उत्सव मनाये। शहर में आकर्षक साज-सज्जा हो, दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित हो।

मु यमंत्री चौहान 5 अे टूबर को शहडोल में शहडोल-नागपुर ऐ सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को जोड़कर अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया जाये। मु यमंत्री 5 अे टूबर को सतना में कृषक स मेलन में प्रधानमंत्री फसल बीमा के 30 लाख दावों की 1058 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान प्रदेश के 72 लाख किसानों को किसान स मान निधि के 1560 करोड़ रूपये की राशि भी अंतरित करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सतना में अधिकाधिक किसान कार्यक्रम में शामिल हों। कार्यक्रम में मु यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के पट्टों का वितरण सहित अन्य हितलाभ प्रदान किये जायेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान सतना में व्यंकटेश लोक भी जायेंगे एवं स्मार्ट सिटी के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान 6 अे टूबर को डिण्डोरी में मु यमंत्री चरण पादुका योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका, साड़ी, पानी की बोतल के साथ तेंदूपत्ता का बोनस भी वितरित करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान लगभग 100 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान 6 अे टूबर को भोपाल में संत भवन तथा शीशमहल पार्किंग का भूमिपूजन भी करेंगे।

मु यमंत्री चौहान निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में आगामी 4, 5 एवं 6 अे टूबर को प्रदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। संबंधित विभागों एवं जिलों के वरिष्ठ अधिकारी स मिलित हुए।

## 4 अे टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा

### प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर होगा मतदाता सूची का वाचन

भोपाल । फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत 4 अे टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि 4 अे टूबर को प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किया जाएगा। जिलास्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें मतदाता सूची की एक मुद्रित प्रति एवं एक प्रति सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में समस्त कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए गए हैं।

**2 अगस्त से 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए गए थे आवेदन**

प्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली अंतर्गत द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 2 अगस्त से शुरू हुआ था। 11 सितंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन लिए गए थे। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 4 अे टूबर को प्रकाशित फोटो निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची संबंधित मतदान केंद्र तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में देखी जा सकती है। इसके साथ ही मु य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की बेवसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in पर उपलब्ध रहेगी। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि कोई भी मतदाता अपना विवरण भारत निर्वाचन आयोग के Voter Service Portal, voters. eci.gov.in पर अपनी जानकारी प्राप्त कर सकता है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदपूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः-परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-61 शास्त्री वार्ड के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की पदपूर्ति हेतु अस्थायी एवं मानदेय आधारित पात्र महिलाओं से 16 अे टूबर 23 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवश्यक अहर्तायें- आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होना चाहिए। आवेदिका वार्ड की स्थाई निवासी होना चाहिए। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवी कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

## मप्र कांग्रेस पान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का सिवनी आगमन आज

सिवनी यशोः- मप्र कांग्रेस कमेटी पान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री  बसंत चौरसिया का आज सिवनी आगमन हो रहा है

यह जानकारी देते हुए पान प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव एवं जिला चौरसिया समाज के जिला अध्यक्ष विजय गोलू चौरसिया ने बताया है कि प्रदेश अध्यक्ष बसंत चौरसिया प्रातः 11 बजे सिवनी सर्किट हाउस पहुचेंगे उसके उपरांत वे मिशन स्कूल के पीछे स्थित श्री कृष्णम लॉन में चौरसिया समाज के स्वजनों को संबिधित कर संगठन के जिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सोपेंगे इस अवसर पर जिला प्रभारी चौधरी गंभीर सिंह जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना जिला संगठन मंत्री पंकज शर्मा ,विष्णु करोसिया सेवकराम चंद्रवंशी समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी उपस्थित रहेंगे

पान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौरसिया जिला अध्यक्ष मयूर चौरसिया ने सभी स्वजनों से उपस्थिति की अपील की है

# कले  टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर, उन्हें सौंपे गए निर्वाचन कार्यो की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कले टर श्री सीएल चनाप सहित, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत की उपस्थिति रही।

ले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने संबंधित अधिकारियों से मतगणना एवं मतदान स्थल पर की जाने वाली व्यवस्थाओं की प्रगति, मतदान सामग्री वितरण, रूट चार्ट, मतदान दिवस मतदान केन्द्र स्थल तक अधिकारी-कर्मचारियों तथा निर्वाचन सामग्री को लाने- लेजाने हेतु वाहन व्यवस्था पर्याप्त वाहन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, मतदान एवं मतगणना दिवस हेतु स्वल्पाहर एवं भोजन व्यवस्था, निर्वाचन कार्यो की वीडियो ग्रॉफी कराए जाने सहित अन्य सौंपे गए कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सभी संबंधित नोडिल अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुरूप निर्वाचन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने भारत निर्वाचन आयोग एवं मु य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 अंतर्गत बुधवार 4 अे टूबर 23 को होने वाले फोटो निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मतदाता सूची वाचन दिवस सभी मतदान केन्द्रों में अवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर बूथ लेबल अधिकारी की उपस्थिति में संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन किए जाने के निर्देश दिए।

# जनसुनवाई में सुनी गई लोगो की समस्याए



सिवनी यशोः-शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को कले ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई में अपर कले टर श्री सीएल चनाप द्वारा जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई में सभी विभाग प्रमुखों की भी उपस्थिति रही।

जनसुनवाई में गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वाने विषयक, भूमि का पट्टा प्रदाय किए जाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, समग्र आईडी में नाम सुधरवाने, भूमि का सीमांकन कराने विषयक, खाद्यान्न पर्ची बनवाने, वृध्दावस्था पेंशन का लाभ दिलाने विषयक संबंधी आवदेन प्राप्त हुए। अपर कले टर श्री चनाप ने प्राप्त आवेदनों के नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी ग्रामीण 02 अंतर्गत ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र जंगलटोला के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी केन्द्र मटियाटोला के लिए आंगनबाड़ी सहायिका एवं ग्राम पंचायत खमरिया आंगनबाड़ी केन्द्र खमरिया के लिए आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु संबंधित ग्राम की स्थाई निवासी महिला आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आवश्यक अहर्तायें- आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु अनिवार्यत-हायर सेकेण्डरी 12वी उत्तीर्ण एवं आंगनबाड़ी सहायिका हेतु न्यूनतम योग्यता 5वी कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त्? संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय सिवनी ग्रामीण-02 से कार्यालयीन समय में स पर्क कर प्राप्त की जा सकती हैं।

## 6 से 8 अे टूबर तक कटनी में आयोजित संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता जिला स्तरीय क्रिकेट टीम चयनित

बरघाट यशोः- जिला क्रिकेट टीम के कोच आशीष दीक्षित ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी श्री पटेल एवम जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस के निर्देशानुसार बरघाट में जिला स्तरीय शालेय क्रिकेट टीम का चयन बरघाट के राजीव गांधी स्टेडियम में किया गया जिसमें जो 6 से 8 अे टूबर तक कटनी में आयोजित संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने टीम 5 अे टूबर को कटनी के लिए रवाना होगी।

**गत दिवस बरघाट में आयोजित जिला स्तरीय शालेय क्रिकेट(-14) टीम का चयन किया गया।**

जिला क्रिकेट टीम के कोच आशीष दीक्षित ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी श्री पटेल एवम जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस के निर्देशानुसार बरघाट में जिला स्तरीय शालेय क्रिकेट टीम का चयन बरघाट के राजीव गांधी स्टेडियम में किया गया जिसमें जो 6 से 8 अे टूबर तक कटनी में आयोजित संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने टीम 5 अे टूबर को कटनी के लिए रवाना होगी।

**टीमः-** फैज कबीर,समर्थ सिंह बघेल,एकांश तिव्हन,रैय्यान खान, रुशील खण्डिलकर,आदर्श ठाकुर,पार्थ साहू,आदित्य सेंगर,मुनीश,कृष्णा वर्मा, भूमेश पारिमल,वैदिक सराठे,आदित्य ढबले,हिमालय बघेल,एवम आर्यन। कोच- मनीष मोनू मिश्रा, मैनेजर-स्नेहिल तिवारी

## आबकारी दल द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण व विक्रय करने वालों पर की गई कार्यवाही



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार 2 अे टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए सहायक आबकारी आयुक्त श्री शैलेष जैन के निर्देशन में अवैध मदिरा विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध जिले के समस्त वृतों में आबकारी अमले द्वारा व्यापक कार्यवाही की गई।

मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की विभिन्न धाराओं के तहत  वृत शहर, उत्तर, दक्षिण, लखनादौन एवं घंसौर में कुल 14 प्रकरण पंजीबद्ध कर 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 12.48 बल्क लीटर विदेशी मदिरा स्प्रिट, 10.4 बल्क लीटर विदेशी मदिरा माल्ट तथा 8.64 बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी पवन झरिया, आबकारी उपनिरीक्षक नवोदिता पारा, राजेश सिंघल, वर्षा डोंगरे, रविन्द्र लिल्हारे आबकारी आरक्षक आनंद मरावी, सेवकराम भलावी, बीरेंद्र पटेल, अनिल विश्वकर्मा, इंद्र कुमार मरकाम, मुकेश अहिरवार, लेखसिंह टेकाम एवं सुरेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली आन्दोलन दिल्ली मे सिवनी जिले के शिक्षकों ने भी की शिरकत




बरघाट यशोः- पुरानी पेंशन बहाली आन्दोलन (NMOPS) के राष्ट्रीय आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में दिनाँक 1 अक्तूबर को विशाल पेंशन शंखनाद रैली आयोजित की गई जिसमें देश के लगभग 20 राज्यों के पेंशन विहीन कार्मिक शामिल हुए जिसमें रेल्वे, रक्षा, बैंक, डाक, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व ,किसान यूनियन आदि महकमे के लाखों कार्मिकों का जमावड़ा रहा साथ ही विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं का भी समर्थन रहा । सभी ने NPS,निजीकरण भारत छोड़ो की मांग का पुरजोर समर्थन किया, दिल्ली के इतिहास में अन्ना हजारे व किसान आंदोलन के बाद यह सबसे बड़ा आंदोलन साबित हुआ ।

इस अवसर पर लाखों कार्मिकों ने चेतावनी देते हुए शपथ लिया आगामी चुनावों में वोट फॉर पुरानी पेंशन वाली सरकारें चुनने का मंत्र दिया ।

इस विशाल कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के प्रान्तीय अध्यक्ष परमानन्द डेहरिया, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष विपनेश जैन, सिवनी जिला अध्यक्ष ब्रजमोहन सनोंदिया, संतोष पारधी, चंद्रकुमार बघेल, प्रकाश पंचेश्वर, खरगसिंह चौधरी ,नरेंद्र उके, भागचंद संदेले बरघाट सहित जिले भर के सैकड़ों कार्मिक उपस्थित रहे ।

## 50 हजार रुपये कीमत की 48 नग घन मीटर की सागौन चिरान जप्त

छपारा यशोः -वन परिक्षेत्र छपारा के द्वारा लगातार वन अपराध रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है । वन परिक्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में वन विभाग के द्वारा 30 सितंबर को एक बड़ी कार्रवाई की गई ।

वन परिक्षेत्र के एस डी ओ साहब के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र छपारा के वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशनुसार सहायक वन परिक्षेत्र गनेशगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगीवाडा के ग्राम सालेगढ़ में वन विभाग की संयुक्त टीम के व्दारा छापा मारकर बड़ी सं या में सागौन की चिरान जप्त की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गनेशगंज एवं सहायक परिक्षेत्र अधिकारी चमारी बंकोड़ा सिवानी की संयुक्त टीम द्वारा 30 सितंबर को मुखबिर की सूचना के आधार पर सालेगढ़ निवासी फहिम पिता जमीर अहमद के घर से लगभग 50 से 60 हजार रूपए कीमत की 48,नग 0.600 घन मीटर वन उपज सागौन चिरान जप्ती कर वन अपराध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई इस कार्यवाही में एच. एन टेंकाम परिक्षेत्र सहायक अधिकारी गणेशगंज, एवं उनका स्टाफ, नरेश कुमार डेहरिया परिक्षेत्र सहायक अधिकारी बंकोड़ा सिवानी, नाजिम खान परिक्षेत्र सहायक अधिकारी चमारी खुर्द एवं उनके समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही ।

# गांधी जी के विचार आज भी जीवित एवं प्रासंगिक हैं - बलवंत आनंद महाराज

## गांधी जी के विचारों से जुड़े कार्यक्रम में सहयोग करना हम कांग्रेस जनों का दायित्व है - राजकुमार खुराना

**ग्राम स्वराज परिवर्तन पदयात्रा का शुभारंभ हुआ**

सिवनी यशोः- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सिवनी एवं विधानसभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मोहन सिंह चंदेल के द्वारा विगत 30 वर्षो से गांधी जयंती के अवसर पर की जा रही ग्राम स्वराज परिवर्तन यात्रा गांधी चौक शुक्रवारी से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर मु य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए मौनी दादा आश्रम से पधारे स्वामी श्री बलवंतानंद जी महाराज ने कहा कि गांधी जी इस पूरी सदी में पूरे संसार में अपने कार्यो से महात्मा के रूप में पूजा जा रहे हैं। जो लोग ऐसा सोचते थे कि वह गांधी की हत्या करके गांधी को मार देंगे परंतु ऐसा हरगिज़ नहीं हो पाया बल्कि आज गांधी जी के विचार ज्यादा तेजी से पूरी दुनिया में फैल रहे हैं।

स्वामी जी ने आगे बोलते हुए कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मोहन सिंह चंदेल जैसे लोग आज गांधी की विचारधारा को लेकर गांव गांव अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रहे थे और यही गांधी जी चाहते थे। उन्होंने चंदेल एवं उनके साथियों को पदयात्रा की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि मोहन चंदेल विगत 30 वर्षो से गांधी जयंती के अवसर पर पदयात्रा करते चले आ रहे हैं । बधाई के पात्र हैं। खुराना ने आगे कहा कि हम कांग्रेस पार्टी के लोग गांधी जी के विचारधारा को मानने वाले लोग हैं और जहां भी गांधी जी से जुड़े हुए कार्यक्रम होते हैं हम लोग उन



कार्यक्रमों में अपना पूर्ण सहयोग करते हैं। उन्होंने संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि जहां-जहां पर पदयात्रा पहुंचे वहां पर अपने स्तर पर यथा संभव सहयोग प्रदान करें।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं मंच पर आसीन समस्त अतिथि गणों का स्वागत किया गया। तदुपरांत ग्राम स्वराज परिवर्तन यात्रा  पर प्रकाश डालते हुए पदयात्रा के संयोजक मोहन सिंह चंदेल ने बताया कि वे जब सन 1994 में प्रथम बार जनपद पंचायत कुरई के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे तभी से इस पदयात्रा को करते चले आ रहे हैं। यह पदयात्रा का तीसवां वर्ष है। इस दौरान संपूर्ण जिले के भ्रमण में आम जनता एवं आप सबका जितना प्यार मिला है। वह सब मेरे जीवन की अनमोल पूंजी है। उन्होंने प्रथम बार पदयात्रा शुरू करने के पूर्व जो सुविधा थी उनके बारे में गुरु जी से पूछा और उनका निराकरण होने के उपरांत जो पदयात्रा शुरू हुई है वह आज पर्यंत जारी है। श्री चंदेल ने समस्त क्षेत्र वासियों से पदयात्रा के दौरान सहयोग प्रदान करने की अपील की।

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष मोह मद असलम खान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार पंजवानी प्रदेश कांग्रेस के सचिव  राजा बघेल नगर पालिका परिषद शिवनी के अध्यक्ष शफीक खान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विष्णु करोसिया एवं आभार प्रदर्शन जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद पंजवानी ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सिवनी के उपाध्यक्ष बृजेश बघेल, लल्लू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, अतुल मालू पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी, प्रसन्न मालू नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष, राजीक अकील, सुरेंद्र करोसिया, अशोक सिरसाम, रणजीत यादव, शिबू सिंगर, जोएब जकी अनवर खान, मुबारक खान, मुकेश राजपूत, मधुसूदन चौकसे, चुरामन कमरे, धनंजय सिंह, हुकम सनोदिया किसान नेट, मिर्जा फैसल बाग , आबिद हुसैन, कलीम खान, अर्पण संध्या श्रीमती सुयोगिता से सेना, श्रीमती आशा चंदेल, श्रीमती अल्पना राणा, श्रीमती तिरुपति नामदेव, श्रीमती सुनीता सनोदिया, श्रीमती सुनीता वर्मा, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती पवन रेखा विनायक, श्रीमती सीता निखर, श्रीमती शिवकली बाई आदिवासी, श्रीमती मैंम कुमारी एवं अन्य महिलाएं पुरुष उपस्थित रहे।

## गैस एजेंसीयॉ सरकारी आदेश को ठेंगा बताते हुए लाडली बहना का कोई सहयोग नही कर रहे - कांग्रेस

सिवनी यशोः- लाडली बहना गैस पंजीयन में गैस एजेंसीयॉ सरकारी आदेश को ठेंगा बताते हुए लाडली बहना का कोई सहयोग नही कर रहे है गैस एजेंसी में लाडली बहना में महिला के नाम की स्पेलिंग यदि थोडा सा भी गलत है या नाम में गलती है तो गैस एजेंसी वाले नाम सुधारने का काम नही कर रहें है लाडली बहना को बाहर से ही भगा दिया जाता है यदि गैस एजेंसी वालो का यही रवैया रहा तो 450 रूपय में मिलने वाला सिलेंडर का लाभ उन्हें प्राप्त नही होगा।

शिवराजसिंह चैहान चुनाव करीब आते देख जिस तरह से घोषणा कर रहें जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह प्रदेश की जनता को बेवकूफ समझ रहा है, उनकी घोषणाओं में कोई सार्थक अमल तो नही हो रहा है अलबत्ता लोग परेशान हो रहें है। चाहें लाडली बहना आवास योजना हो या लाडली बहना अथवा 450 रू. में गैस सिलेंडर, लाडली बहना आवास योजना का लाभ शहरी क्षेत्र की बहनो को प्राप्त नही हो रहा है शासकीय कर्मचारियों को भी इस कार्य के पंजीयन के लिए किसी प्रकार का प्रशिक्षण नही दिया गया है, लाडली बहना एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान हो रही है लेकिन उनकी परेशानी का हल नही मिल रहा है। सालो से प्रदेश की जनता से झूठ बोलकर शासन करने वाले शिवराज सिंह चैहान अपने अंत समय में भी प्रदेश की जनता से झूठ बोलने से बाज नही आ रहें है।

## केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में कर रहे विकास कार्यों का भूमि पूजन कार्य

### मुझे अपने अपना विधायक नही आपका सेवक बनाया हैं - राकेश पाल सिंह



सिवनी यशोः- 03 अे टू. मंगलवार निरंतर विकास के पथ पर बढ़ता केवलारी विधानसभा क्षेत्र विगत 28 बर्षो से प्रतिक्षारत सड़क का केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खमरिया में खमरिया से पांजरा सड़क मार्ग का भूमि पूजन केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने किया। इस सड़क मार्ग की लंबाई 6 किलोमीटर होंगी व निर्माण लागत 5 करोड़ 55 लाख रुपये होंगी। भारतीय जनता पार्टी का मतलब ही विकास हैं।आपकी यह सड़क बनी हैं व आपके ग्राम की जो भी सड़के बची मेरा बादा है वो भी बनेंगी।

केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जुरतरा से बहु प्रतिक्षित मार्ग में सहजपुरी से पिपरिया मार्ग का भूमि पूजन केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने किया । इस मार्ग मार्ग की कुल लंबाई 2 किलोमीटर होगी।जो कि 159.14 लाख रुपये से निर्माण किया जायेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने कहा आपने अपने विधायक को नहीं अपने सेवक को चुना हैं आपकी सेवा करना आपकी तकलीफों को दूर करना मेरा कर्तव्य हैं।आपके आवागमन के मार्ग को सुगम बनवाना मेरा कर्तव्य हैं।केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह के साथ भारतीय जनता पार्टी के देव दूत कार्यकर्ताओं की एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रहीं।

## अपहरण एवं बलात्कार का आरोपी हुआ दोषमुक्त

कान्हीवाडा यशोः- तीन वर्ष पूर्व ग्राम की एक नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार का अपराध घटित करने के एक आरोपी को न्यायालय द्वारा दोषमुक्त कर दिया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वर्ष 2019 में ग्राम के मठिया टोला निवासी दिलीप उर्फ दीपक भरेवा द्वारा ग्राम की ही एक नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर उसका अपहरण कर उज्जैन भागा कर ले गया तथा वहां उसके साथ बलात्कार किया गया। घटना की रिपोर्ट पीड़िता की मां के द्वारा थाना कान्हीवाडा में करने पर कान्हीवाडा पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर विवेचना प्रारंभ की गई तथा आरोपी के उज्जैन में होने की सूचना मिलने पर आरोपी के साथ पीड़िता को उज्जैन से बरामद किया गया। थाने के अपराध क्रमांक 343/2019 के तहत भा द वि की धारा 363,376(1) 376(2)एन लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5 एवं 6 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना पूर्ण होने पर न्यायालय में चालान पेश कर विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से 13 गवाह पेश किए गए। बचाव पक्ष/आरोपी  की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आमिर ख़ान एवं सहयोगी अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया। उभय पक्षों के तर्को का श्रवण करने के उपरांत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश तथा  विशेष न्यायाधीश पास्को ऐ ट के द्वारा आरोपी दिलीप उर्फ दीपक भरेवा निवासी मठिया टोला थाना कान्हीवाड़ा को अपहरण बलात्कार एवं पास्को ऐ ट के आरोप से दोषमुक्त घोषित कर दिया गया ।

## राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान सहित अन्य संबंधितो को कले  टर ने लिखा पत्र

सिवनी यशोः- शहर व इससे लगे आसपास के क्षेत्रों में पांच दिनों से लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। इससे लोगों में भय का माहौल है। सोमवार को सुबह 7.15 बजे 2.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज होने के बाद देर रात 2.5 बजे 1.8 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया है। मंगलवार सुबह भी हल्के झटके महसूस किए गए लेकिन यह दर्ज नहीं हुए।

बीते 29 सितंबर की शाम से लगातार जिला मु यालय व आसपास के क्षेत्र में भूकंप के झटके व आवाजें महसूस किए जाने की घटना को लेकर कले टर क्षितिज सिंघल ने निर्देशक भारत सरकार राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय मौसम भवन नई दिल्ली को पत्र प्रेषित कर जिले के निरीक्षण के लिए टीम भेजने का आग्रह किया हैं।

